## भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in





# भारतीय स्टेट बैंक को ''ग्लोबल फाइनेंस'' द्वारा वर्ष 2024 के लिए ''भारत में सर्वश्रेष्ठ बैंक'' के रूप में मान्यता दी गई.



# संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

**(विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2025-26/02)**

**आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 02.04.2025 से 22.04.2025 तक**

**भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.**

1. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि या उससे पहले शुल्क जमा करवा दी गई हो.
2. **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते है.**
3. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज (संक्षिप्त जीवन वृत्त, पहचान का प्रमाण, आयु प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, अन्य योग्यता प्रमाणपत्र आदि) अपलोड करने की आवश्यकता है. ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा.
4. उम्मीदवार की उम्मीदवारी/शॉर्टलिस्टिंग अनंतिम होगी और उम्मीदवार के साक्षात्कार (यदि बुलाया जाए तो) के लिए रिपोर्ट किए जाने पर संपूर्ण ब्यौरे/दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों के साथ संतोषजनक सत्यापन किए जाने के अधीन होगा.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और यदि वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** को विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें. कॉल (लेटर/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).
7. सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किए जाएंगे.
8. यदि अंतिम मेरिट लिस्ट (कट–ऑफ अंक पर समान अंक) में एक से अधिक उम्मीदवारों के कट–ऑफ अंकों के रूप में एकसमान अंक आते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में स्थान दिया जाएगा.
9. **इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ भेजने की आवश्यकता नहीं है.**
10. **कोई भी उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन नहीं कर सकता.**

## क. पद/रिक्तियाँ/पदस्थापन का संभावित स्थान/आयु का विवरण:

| पद क्र.सं. | पद नाम | रिक्ति का प्रकार | रिक्तियाँ | | | | पदस्थापन का संभावित स्थान++ | न्यूनतम/अधिकतम# आयु 31.12.2024 को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | यूआर | कुल | पीडब्ल्यूबीडी* वीआई | | |
| 01 | **डीन, एसबीआईएल कोलकाता** | नियमित | -- | 01 | 01 | -- | कोलकाता | **35 वर्ष<br>55 वर्ष** |
| | | बैकलॉग | -- | -- | -- | 01 | | |
| 02 | **बाह्य संकाय, एसबीआईएल कोलकाता** | नियमित | 01 | 02 | 03 | -- | कोलकाता | **30 वर्ष<br>55 वर्ष** |
| | | बैकलॉग | -- | -- | -- | 01 | | |
| 03 | **विपणन कार्यपालक, एसबीआईएल कोलकाता** | नियमित | -- | 01 | 01 | -- | कोलकाता | **28 वर्ष<br>40 वर्ष** |
| | | बैकलॉग | -- | -- | -- | 01 | | |
| | **कुल रिक्तियाँ** | | **01** | **04** | **05** | **03** | | |

**संक्षेपाक्षर: अ.जा.** – अनुसूचित जाति,

**यूआर –** अनारक्षित; **पीडब्ल्यूबीडी –** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवार; **वीआई –** दृष्टि बाधित;

#आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.

*आरक्षित श्रेणी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार है.

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34, संदर्भित [बेंचमार्क दिव्यांगजन (PwBD)] के तहत आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. ऐसा प्रमाणपत्र सत्यापन/पुनः सत्यापन, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा भी तय किया जाए, के अधीन होगा. प्रमाणपत्र पर आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तारीख या उससे पहले की तारीख होनी चाहिए.

**++** तैनाती का सुझाया गया स्थान केवल सांकेतिक है, और चयनित उम्मीदवारों को बैंक के विवेक पर भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.

## महत्वपूर्ण बिंदु

1. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है.**
2. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है. उम्मीदवार को **निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता** और **प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव** होना चाहिए.
3. बेंचमार्क दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्ति, जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.
4. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.
5. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार एक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.
6. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तरीय है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.
7. अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा.
8. नियोक्ता से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है.
9. बैंक किसी भी स्तर पर इस भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
10. इंगित अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध होगी (जहां लागू हो).
11. केवल बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही बेंचमार्क दिव्यांगता (PwBD) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए पात्र होंगे. **'निर्धारित अशक्तता वाले व्यक्ति'** से आशय उस व्यक्ति से है जो विनिर्दिष्ट अशक्तता का कम से कम 40 प्रतिशत अशक्त हो, उन मामलों में जहाँ विनिर्दिष्ट अशक्तता को मापन श्रेणी में नहीं रखा गया है. प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी के प्रमाणन के अनुसार इसके अंतर्गत वह अशक्त व्यक्ति भी आता है जिसकी अशक्तता को मापन श्रेणी में रखा गया है. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित बैकलॉग रिक्तियों को संबंधित श्रेणी में संदर्भित दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले उम्मीदवारों द्वारा भरा जाएगा. यदि उस श्रेणी से कोई उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे बैकलॉग को अन्य पात्र दिव्यांगजन उम्मीदवारों के बीच परस्पर अदला–बदली द्वारा भरा जाएगा, बशर्ते कि पद ऐसी दिव्यांग के लिए उपयुक्त निर्धारित किए गए हों.

12. **स्थानांतरण नीति:** बैंक ऐसे अधिकारियों की सेवाओं का स्थानांतरण भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों के पास या किसी अन्य संस्था के पास तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की अनिवार्यताओं पर निर्भर होगा. **किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.**

13. संविदा कर्मचारी ऐसे किसी भी लाभ या भत्ते के हकदार नहीं होंगे जो सेवा के दौरान या सेवानिवृत्ति के बाद बैंक के नियमित कर्मचारियों को देय हैं. वे संविदा अवधि के दौरान या उसके बाद भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी या बोनस का दावा करने के हकदार नहीं हैं. वे बैंक के स्टाफ सदस्यों के लिए लागू स्टाफ दर या जमा पर ब्याज में रियायत के तहत किसी भी ऋण/अग्रिम के लिए भी पात्र नहीं हैं.

14. संविदा कर्मचारी की सुविधा के अनुसार, मूल वेतन, एचआरए, वाहन भत्ते, चिकित्सा व्यय आदि सहित वार्षिक परिलब्धियों के 1/12वें हिस्से के बराबर मासिक आधार पर नियत वेतन दिया जाएगा. ऐसे मौद्रिक परिलब्धियों/पारिश्रमिक पर आयकर या कोई अन्य कर देयता, आयकर नियमों में उल्लिखित प्रचलित दरों के अनुसार, स्रोत पर ही काट ली जाएगी.

15. सीटीसी के अतिरिक्त, संविदा कर्मचारी सरकारी ड्यूटी के लिए टैक्सी और इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा सहित अन्य सुविधाओं और साथ ही बैंक के अधिकारी के ग्रेड के बराबर प्रतिनियुक्ति भत्ते के हकदार होंगे.

16. बैंक इस विज्ञापन में निर्धारित निबंधनों और शर्तों और आचरण नियमों को समय-समय पर बदलने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और उम्मीदवार ऐसे परिवर्तन/संशोधनों से आबद्ध होने के लिए सहमत है.

17. **मेरिट सूची**: चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जाएगी.

18. न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. **साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

19. **बेंचमार्क दिव्यांगता वाले (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण**: दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार निर्धारित दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को समस्तरीय आरक्षण दिया गया है. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित किए गए विकलांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पद को चिन्हित किया गया है:

| बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| **डीन, एसबीआईएल कोलकाता पद के लिए**<br>क) बी – दृष्टिहीन, एलवी – दृष्टि बाधित<br>ख) एचएच – श्रवण बाधित | एस– बैठना, एसटी– खड़ा होना,<br>डब्ल्यू– चलना, बीएन– झुकना,<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना,<br>एसई– देखना, एच– श्रवण, सी– संप्रेषण |

| बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| **बाह्य संकाय–एसबीआईएल कोलकाता पद के लिए**<br>क) बी – दृष्टिहीन, एलवी – दृष्टि बाधित<br>ख) डी – बधिर, एचएच – श्रवण बाधित<br>ग) एक हाथ, दोनों हाथ, एक पैर, दोनों पैर, एक हाथ और एक पैर, मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित,<br>घ) ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (हल्का), मानसिक बीमारी<br>ड.) उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल बहु दिव्यांगताएं. | एस– बैठना, डब्ल्यू– चलना,<br>एमएफ– उंगलियाँ से परिचालन,<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना,<br>एसई– देखना, सी– संप्रेषण |

| बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी | कार्यात्मक आवश्यकता |
|---|---|
| **विपणन कार्यपालक–एसबीआईएल कोलकाता पद के लिए**<br>क) बी – दृष्टिहीन, एलवी – दृष्टि बाधित<br>ख) डी – बधिर, एचएच – श्रवण बाधित<br>ग) एक हाथ, दोनों हाथ, एक पैर, दोनों पैर, मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग उपचारित, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित,<br>घ) विशिष्ट सीखने की दिव्यांगता, मानसिक बीमारी<br>ड.) उपरोक्त (क) से (घ) तक शामिल बहु दिव्यांगताएं. | एस– बैठना, एसटी– खड़ा होना,<br>डब्ल्यू– चलना,<br>आरडब्ल्यू– पढ़ना व लिखना,<br>एसई– देखना, एच– श्रवण,<br>सी– संप्रेषण, एमएफ– उंगलियाँ से परिचालन |

20. **दृष्टि बाधित (वीआई)**:

केवल वे ही दृष्टि बाधित (वीआई) व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो बेहतर इलाज के बाद भी निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त रहे हैं:

अ. **दृष्टिहीनता**:

i. पूर्णतः दृष्टिहीन होना अथवा

ii. वास्तविक दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आँख में 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से अधिक न हो अथवा

iii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 10 डिग्री के कोण बनाती हो या उससे भी कम. अथवा

ब. **मंद दृष्टि**:

i. दृष्टि सुधार के बाद बेहतर आँख में दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक न हो या 20/60 से 3/60 अथवा 10/200 (स्नेलेन) से कम न हो; अथवा

ii. दृष्टि के क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 40 से 10 डिग्री के कम के कोण बनाती हो.

**नोट:** केवल **बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति** ही आरक्षण के लिए पात्र हैं और उनकी निर्दिष्ट नि:शक्तता को यदि मापन योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है, तो वह 40% से कम नहीं होनी चाहिए और यदि निर्दिष्ट नि:शक्तता को मापन योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है, तो ऐसी नि:शक्तता वाले व्यक्ति, जिसे प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है, इसमें शामिल होंगे. आरक्षण का लाभ उठाने के इच्छुक व्यक्ति को चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणकर्त्ता प्राधिकारी) द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाण पत्र जमा करना होगा. प्रमाणपत्र आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पहले का होना चाहिए.

## ख. शैक्षणिक/अन्य अधिमान्य/अनिवार्य योग्यताएं/व्यावसायिक प्रमाणन/योग्यता के बाद कार्य अनुभव/आवश्यक विशिष्ट कौशल/कार्य प्रोफ़ाइल/केआरए/सीटीसी/परिवर्ती वेतन/वार्षिक वेतन वृद्धि/अन्य सुविधाएं का विवरण:

<table>
<tr><td>पद सं./पद का नाम:</td><td>01 - डीन, एसबीआईएल कोलकाता</td></tr>
<tr><td>शैक्षणिक योग्यता<br>(31.12.2024 को)<br><br>अधिमान्य शैक्षणिक योग्यताएं<br>(31.12.2024 को)</td><td>शीर्ष भारतीय/अंतरराष्ट्रीय 'बिजनेस' स्कूलों से न्यूनतम 55% अंकों के साथ एमबीए/एग्जीक्यूटिव एमबीए<br>(न्यूनतम अवधि 02 वर्ष)<br>अथवा<br>शीर्ष भारतीय विश्वविद्यालय या शीर्ष भारतीय/अंतरराष्ट्रीय 'बिजनेस' स्कूल से पीएचडी<br>बैंकिंग और वित्त विषय में एमबीए/पीएचडी और/या एग्जीक्यूटिव शिक्षा में शिक्षण अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.</td></tr>
<tr><td>अन्य व्यावसायिक अनिवार्य/ अधिमान्य योग्यताएं<br>(31.12.2024 को)</td><td>अधिमान्य:<br>अतिरिक्त योग्यताएं जैसे: मानव संसाधन/मनोविज्ञान/व्यवहार विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री<br>अथवा<br>प्रमाणपत्र जैसे: एसएचआरएम प्रमाणित पेशेवर (SHRM-CP), एसपीएचआर(मानव संसाधन में वरिष्ठ पेशेवर) रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.</td></tr>
<tr><td>योग्यता के बाद कार्य अनुभव<br>(31.12.2024 को)</td><td>किसी कॉलेज या संस्थान में बीएफएसआई/नेतृत्व/व्यवहार विज्ञान आदि के क्षेत्र में डीन/विभागाध्यक्ष/निदेशक के पद पर न्यूनतम 03 वर्ष के अनुभव के साथ कुल 10 वर्ष का अनुभव आवश्यक है.<br>प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में सिद्ध अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.</td></tr>
<tr><td>विशिष्ट कौशल<br>(31.12.2024 को)</td><td>• अनुभवी प्रशासक (अकादमिक या बैंकिंग और वित्त उद्योग)<br>• अच्छे संकाय संबंध और सर्वोत्तम शिक्षण प्रथाओं को बनाने और बनाए रखने में कुशल<br>• विशिष्ट नेतृत्व कौशल के साथ सक्रिय<br>• शोध अध्ययनों का नेतृत्व करने की क्षमता<br>• टेक्नोलॉजी में कुशल और डिजिटल युग में प्रशिक्षण का नेतृत्व करने में सक्षम<br>• मजबूत संप्रेषण और निर्णय लेने का कौशल</td></tr>
<tr><td>कार्य प्रोफ़ाइल<br>(भूमिकाओं, दायित्वों और कार्यों का विस्तृत विवरण)</td><td>कार्य प्रोफाइल:<br>संस्थान के डीन मुख्य रूप से अकादमिक प्रमुख होंगे. वह संस्थान को बीएफएसआई क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेंगे. पाठ्यक्रम डिजाइन करने और शोध का नेतृत्व करने के अलावा, डीन संस्थान/कार्यक्रमों का बाहरी संस्थानों में विपणन भी करेंगे.<br><br>डीन के प्राथमिक कार्य निम्नानुसार होंगे: –<br>अकादमिक:<br>❖ संस्थान के लक्ष्य और नीति निर्देशक सिद्धांतों का कार्यान्वयन<br>❖ नियुक्त परिषदों के साथ काम करना और उस दिशा में पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या को परिभाषित करने के लिए विशेषज्ञता लाना<br>❖ शिक्षण, ज्ञानार्जन, अनुसंधान और ज्ञान हस्तांतरण के सभी पहलुओं सहित संकाय के शैक्षणिक नेतृत्व के लिए जिम्मेदार होना<br>❖ एसबीआईएल के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए समग्र जिम्मेदारी लेना<br>❖ प्रतिभागियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ज्ञानार्जन के अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी लेना<br>❖ एसबीआईएल में अनुसंधान गतिविधियों का नेतृत्व करना<br>विपणन<br>❖ भारत और विदेश में बैंकिंग और वित्त में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एसबीआईएल को प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतियों को डिजाइन और कार्यान्वित करना.<br>❖ एसबीआईएल को बढ़ावा देने और विशेषज्ञता लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाना.<br>❖ उद्योग की प्रवृत्तियों के अनुरूप पाठ्यक्रम और कार्यक्रम विकसित करने के लिए भारत और विदेश में बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के साथ संबंध बनाना.<br>प्रशासनिक<br>(निदेशक की सहायता करना)<br>❖ संस्थान के लिए नीतियों और दिशा–निर्देशों को निर्धारित करना<br>❖ एसबीआईएल की कार्यपालक और अन्य समितियों का सदस्य होना और संस्थान के कार्यों का नेतृत्व और प्रबंधन करना<br>❖ अधिकतम दक्षता और प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए आवश्यकतानुसार संकाय स्टाफिंग का नेतृत्व और तैनाती करना<br>❖ पद के ग्रेड के अनुरूप कोई अन्य जिम्मेदारी लेना.</td></tr>
<tr><td>पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र<br>(केआरए)</td><td>पद के लिए केआरए:<br>केआरए के अनुसार कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा. केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और डीन के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है.<br>• संस्थान में वेबिनार सत्र आयोजित करना<br>• आस्तियों के उपयोग/बाहरी कार्यक्रमों के विपणन/परामर्श द्वारा राजस्व सृजन करना<br>• बाहरी संस्थानों और गणमान्य व्यक्तियों को शामिल करते हुए वैश्विक/राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन/सेमिनार/लाइव कार्यक्रम आयोजित करना<br>• प्रमुख पत्रिकाओं/प्रकाशनों/केस स्टडीज़ में लेखों/शोध पत्रों का प्रकाशन<br>• बाहरी भागीदारों के साथ गठजोड़/एमओयू निष्पादित करना<br>• बाहरी संगठनों के लिए कार्यक्रम/वेब सीरीज: ऑनलाइन/मिश्रित (बाहरी)<br>• नई वेब सीरीज/विशेष कार्यक्रम (आंतरिक) डिजाइन करना/आयोजित करना/समन्वय करना<br>• किसी भी सार्वजनिक मंच पर बीएफएसआई से संबंधित विषयों पर प्रस्तुति करना</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>सीटीसी (प्रति वर्ष)<br>सीटीसी रेंज<br>सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन)<br>अन्य भत्ते यदि कोई हों</td><td>35 लाख से 60 लाख रुपये तक, जो कि बातचीत से तय होगा और योग्य उम्मीदवार के लिए कोई बाधा नहीं होगी.<br>(सीटीसी को 80:20 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा)<br><br>❖ डीन को आधिकारिक कार्यों के लिए टैक्सी और इकोनॉमी/प्रीमियम इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा सहित अन्य भत्ते, साथ ही प्रतिनियुक्ति भत्ते के लिए भी पात्रता होगी.<br>❖ डीन को सम्मेलनों में बोलने, शोध विद्वानों का मार्गदर्शन करने, परामर्श देने, शोध करने आदि के लिए शैक्षणिक स्वतंत्रता होगी. डीन को बाहरी शिक्षण/परामर्श के लिए महीने में अधिकतम 5 दिन की अनुमति दी जा सकेगी. ऐसी गतिविधियों से प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से अधिक की आय बैंक के साथ 60:40 के अनुपात में साझा की जाएगी (अर्थात 60% प्रतिधारित किया जाएगा और 40% बैंक में जमा किया जाएगा).</td></tr>
<tr><td>परिवर्ती वेतन का विवरण और परिवर्ती वेतन जारी करने के लिए निबंधन व शर्तें</td><td>डीन प्रासंगिक अवधि के कार्य–निष्पादन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के लिए पात्र हो जाएगा.<br>डीन के कार्य–निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी: –
<table>
<tr><th>मूल्यांकन अंक</th><th>परिवर्ती वेतन के लिए पात्र प्रतिशत</th></tr>
<tr><td>>95%</td><td>100%</td></tr>
<tr><td>93% से 95%</td><td>90%</td></tr>
<tr><td>90% से <93%</td><td>80%</td></tr>
<tr><td><90%</td><td>शून्य</td></tr>
</table>
मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष 31 मार्च और 30 सितंबर को अर्ध–वार्षिक अंतराल पर संकलित किया जाएगा. नियुक्ति के पहले वर्ष में, मूल्यांकन 31 मार्च या 30 सितंबर, कार्यग्रहण की तिथि से छह महीने पूरे होने के बाद जो भी पहले हो, को किया जाएगा. परिवर्ती वेतन की गणना उस पूरी अवधि के लिए की जाएगी जिस पर मूल्यांकन किया गया है, यानी कार्यग्रहण की तिथि से लेकर मूल्यांकन की तिथि तक.<br><br>उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति अक्टूबर 2024 में संविदा कर्मचारी के रूप में रोजगार शुरू करता है, तो उसकी कार्य निष्पादन समीक्षा छह महीने पूरे होने के बाद, विशेष रूप से 31 मार्च और 30 सितंबर को, जो भी पहले हो, होगी। इस मामले में, उसके छह महीने अप्रैल 2025 में पूरे होंगे और पहली समीक्षा सितंबर 2025 में होगी.<br><br>पहले वर्ष में, यदि संविदा को बैंक या कर्मचारी द्वारा पहली समीक्षा से पहले समाप्त कर दिया जाता है (इस उदाहरण में, 30 सितंबर, 2025 से पहले), तो कोई परिवर्ती वेतन जारी नहीं किया जाएगा.<br><br>पहले मूल्यांकन के बाद, आगे का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को किया जाएगा. पहली समीक्षा के पूरा होने पर, यदि किसी संविदा कर्मचारी की संविदा किसी भी कारण से समाप्त हो जाती है, तो परिवर्ती वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा.<br><br>परिवर्ती वेतन का भुगतान संविदा अधिकारियों के लिए आयकर नियमों के अधीन होगा.</td></tr>
<tr><td>यदि दूसरे वर्ष से कोई वेतन वृद्धि प्रस्तावित है</td><td>डीन सेवा का एक वर्ष पूरा करने के बाद कार्य–निष्पादन आधारित 10% वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा दूसरे वर्ष से 10% (वार्षिक सीटीसी अर्थात नियत और परिवर्ती वेतन दोनों पर) की वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए भी पात्र होंगे.</td></tr>
<tr><td>अन्य सुविधाएं</td><td>कंपनी की समग्र लागत (सीटीसी) में नियत वेतन, परिवर्ती वेतन और आवास तथा वाहन का विकल्प शामिल है. वाहन, आवास आदि जैसी सुविधाओं के लिए सांकेतिक लागत नीचे दी गई है:<br>i. आवास:<br>• डीन को उपलब्धता के अधीन बैंक के आवास का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है. ऐसे मामलों में, उनकी सीटीसी उसी पोस्टिंग केंद्र पर समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता से कम कर दी जाएगी.<br>• वर्तमान में, कोलकाता में समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता 58,000/- रुपये है. तदनुसार, कुल सीटीसी लगभग 7.00 लाख रुपये प्रति वर्ष कम हो जाएगी.<br>• यदि डीन आवास का विकल्प नहीं चुनता है, तो उसे एचआरए का भुगतान किया जाएगा.<br>ii. वाहन:<br>• डीन के लिए लगभग 1,00,000/- रुपये प्रति माह सांकेतिक लागत होगी. तदनुसार, समग्र सीटीसी में लगभग 12.00 लाख रुपये का वार्षिक व्यय कम हो जाएगा.</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>पद सं./पद का नाम:</td><td>02 - बाह्य संकाय, एसबीआईएल कोलकाता</td></tr>
<tr><td>शैक्षणिक योग्यता (31.12.2024 को)<br>अधिमान्य शैक्षणिक योग्यताएं (31.12.2024 को)</td><td>न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर<br>अथवा<br>न्यूनतम 55% अंकों के साथ एम.बी.ए.<br>मानव संसाधन/वित्त में एम.बी.ए. तथा कार्यपालक शिक्षा क्षेत्र में शिक्षण अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.<br>पी.एच.डी. सफलतापूर्वक पूरा करना इस पद के लिए एक अतिरिक्त योग्यता होगी.</td></tr>
<tr><td>अन्य व्यावसायिक अनिवार्य/ अधिमान्य योग्यताएं (31.12.2024 को)</td><td><u>अधिमान्य:</u><br>निम्नलिखित में से किसी भी डोमेन में विशेषज्ञता:<br><br>• नेतृत्व<br>• मानव संसाधन<br>• व्यवहार विज्ञान<br>• संगठनात्मक व्यवहार<br>• उन लोगों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास अपने संबंधित डोमेन से संबंधित एक से अधिक योग्यता और प्रमाणपत्र हैं.</td></tr>
<tr><td>योग्यता के बाद कार्य अनुभव (31.12.2024 को)</td><td>- न्यूनतम 03 वर्ष का शिक्षण अनुभव, जो अधिमानतः कार्यपालक (मध्य–स्तरीय प्रबंधक/वरिष्ठ स्तर के प्रबंधक, कार्यपालक ग्रेड के कर्मचारी और किसी भी उद्योग/क्षेत्र में बिजनेस लीडर) शिक्षा डोमेन में हो.<br>- प्रतिष्ठित संस्थान में कार्यपालक शिक्षा के प्रशिक्षण में सिद्ध अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी.</td></tr>
<tr><td>विशिष्ट कौशल (31.12.2024 को)</td><td>विशिष्ट शिक्षण क्षमताओं और मजबूत संप्रेषण कौशल के साथ अग्रसक्रिय</td></tr>
</table>

**कार्य प्रोफ़ाइल (भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और कार्यों का विस्तृत विवरण)**

**कार्य प्रोफाइल:**

चयनित उम्मीदवार संस्थान में प्रशिक्षण गतिविधि में निम्नलिखित रूप में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और योगदान देंगे:

क. एसबीआईएल में आनेवाले बैंक/अन्य बैंकों और संस्थानों के शीर्ष/वरिष्ठ अधिकारियों की नेतृत्व क्षमताओं का विकास करना.

ख. संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में नेतृत्व विकास से संबंधित विषयों पर सत्र लेना.

ग. संस्थान के आवश्यकतानुसार शैक्षणिक प्रशासन गतिविधियों में भाग लेना.

घ. बैंक के वरिष्ठ/शीर्ष अधिकारियों के नेतृत्व कौशल में प्रशिक्षण की आवश्यकता की अपेक्षाओं की पहचान करना और प्रशिक्षण हस्तक्षेपों को सह–डिजाइन और सह–प्रदान करना.

ङ. प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री और कार्यप्रणाली/शिक्षाशास्त्र में लगातार सुधार लाकर प्रतिभागियों की क्षमता के स्तर का उन्नयन सुनिश्चित करना.

च. नेतृत्व विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाओं का विकास और संचालन करना.

छ. प्रशिक्षण मूल्यांकन विधियों को स्थापित करना, प्रतिक्रिया प्राप्त करना और जहां आवश्यक हो या निरंतर आधार पर उचित सुधारात्मक उपाय शुरू करना.

ज. संस्थान में विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों, पैनल चर्चाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना.

झ. यह सुनिश्चित करना कि सर्वोत्तम और नए मानव संसाधन प्रथाओं के अनुसरण में निरंतर अद्यतन के साथ सही प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाएं.

ट. प्रशिक्षण में अधिकतम प्रभावशीलता प्राप्त करने के लिए संस्थान के ब्रांड का निर्माण करने के लिए उचित मंचों पर संस्थान, कार्यक्रमों को बढ़ावा देना.

**पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए)**

**पद के लिए केआरए:**

केआरए के अनुसार कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा. केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और संविदात्मक संकाय के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है.

- ➢ भौतिक/ऑनलाइन आयोजित सत्रों की संख्या
- ➢ निर्धारित सीमा से ऊपर औसत सत्र रेटिंग स्कोर
- ➢ बाहरी कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक के लिए राजस्व सृजन
- ➢ प्रतिष्ठित प्रकाशनों में प्रकाशित पत्रिकाओं/लेखों की संख्या
- ➢ आयोजित वैश्विक/राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन/सेमिनार/लाइव कार्यक्रम
- ➢ निर्मित और संचालित नई वेब सीरीज/वेबिनारों की संख्या

**सीटीसी (प्रति वर्ष)**

सीटीसी रेंज

सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन)

सी.टी.सी. के अतिरिक्त, अन्य भत्ते, यदि कोई हों

- 25 लाख से 50 लाख रुपये तक,
- (सीटीसी को 70:30 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा)

❖ बाह्य संकाय आधिकारिक कार्यों के लिए टैक्सी और इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा के साथ–साथ प्रतिनियुक्ति भत्ते सहित अन्य सुविधाओं के लिए भी पात्र होगा.

❖ बाह्य संकाय को बाहरी शिक्षण/परामर्श के लिए महीने में अधिकतम 5 दिन की अनुमति दी जाएगी. ऐसी गतिविधियों से प्रति वर्ष 7 लाख रुपये से अधिक की आय बैंक के साथ 60:40 के अनुपात में साझा की जाएगी (अर्थात 60% प्रतिधारित किया जाएगा और 40% बैंक में जमा किया जाएगा).

**परिवर्ती वेतन का विवरण और परिवर्ती वेतन जारी करने के लिए निबंधन व शर्तें**

संविदात्मक संकाय प्रासंगिक अवधि के कार्य–निष्पादन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के लिए पात्र हो जाएगा.

संविदात्मक संकाय के कार्य–निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी: –

| मूल्यांकन अंक | परिवर्ती वेतन के लिए पात्र प्रतिशत |
|---|---|
| >95% | 100% |
| 93% से 95% | 90% |
| 90% से <93% | 80% |
| <90% | शून्य |

मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष 31 मार्च और 30 सितंबर को अर्ध–वार्षिक अंतराल पर संकलित किया जाएगा. नियुक्ति के पहले वर्ष में, मूल्यांकन 31 मार्च या 30 सितंबर, कार्यग्रहण की तिथि से छह महीने पूरे होने के बाद जो भी पहले हो, को किया जाएगा. परिवर्ती वेतन की गणना उस पूरी अवधि के लिए की जाएगी जिस पर मूल्यांकन किया गया है, यानी कार्यग्रहण की तिथि से लेकर मूल्यांकन की तिथि तक.

उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति अक्टूबर 2024 में संविदा कर्मचारी के रूप में रोजगार शुरू करता है, तो उसकी कार्य निष्पादन समीक्षा छह महीने पूरे होने के बाद, विशेष रूप से 31 मार्च और 30 सितंबर को, जो भी पहले हो, होगी। इस मामले में, उसके छह महीने अप्रैल 2025 में पूरे होंगे और पहली समीक्षा सितंबर 2025 में होगी.

पहले वर्ष में, यदि संविदा को बैंक या कर्मचारी द्वारा पहली समीक्षा से पहले समाप्त कर दिया जाता है (इस उदाहरण में, 30 सितंबर, 2025 से पहले), तो कोई परिवर्ती वेतन जारी नहीं किया जाएगा.

पहले मूल्यांकन के बाद, आगे का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को किया जाएगा. पहली समीक्षा के पूरा होने पर, यदि किसी संविदा कर्मचारी की संविदा किसी भी कारण से समाप्त हो जाती है, तो परिवर्ती वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा.

परिवर्ती वेतन का भुगतान संविदा अधिकारियों के लिए आयकर नियमों के अधीन होगा.

**यदि दूसरे वर्ष से कोई वेतन वृद्धि प्रस्तावित है**

संकाय सदस्य सेवा का एक वर्ष पूरा करने के बाद कार्य–निष्पादन आधारित 10% वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा दूसरे वर्ष से 10% (वार्षिक सीटीसी अर्थात नियत और परिवर्ती वेतन दोनों पर) की वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए भी पात्र होंगे.

**आवास**

संविदा पर नियुक्त संकाय एसबीआईएल परिसर में आवासीय सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जो उनकी नियुक्ति के समय इसकी उपलब्धता पर निर्भर करता है. यदि संविदा पर नियुक्त संकाय बैंक द्वारा प्रदान की गई आवास सुविधा का उपयोग करने का निर्णय लेता है, तो उसका सीटीसी उसी स्थान पर तैनात बैंक के अधिकारी के ग्रेड के बराबर राशि के साथ समायोजित किया जाएगा. साथ ही, वह एचआरए के लिए पात्र नहीं होगा.

सीटीसी में आवास (यदि लिया गया हो), वाहन, समाचार पत्र के लिए प्रतिपूर्ति आदि सहित सभी भत्ते शामिल होंगे.

***आवास:***

- संकाय को उपलब्धता के अधीन बैंक के आवास का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है. ऐसे मामलों में, उनकी सीटीसी उसी पोस्टिंग केंद्र पर समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता से कम हो जाएगी.
- वर्तमान में, कोलकाता में समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता 33,500/- रुपये है. तदनुसार, कुल सीटीसी लगभग 4.00 लाख रुपये प्रति वर्ष कम हो जाएगी.
- यदि संकाय सदस्य आवास का विकल्प नहीं चुनता है, तो उसे एचआरए का भुगतान किया जाएगा.

**पद सं./पद का नाम:** **03 - विपणन कार्यपालक, एसबीआईएल कोलकाता**

**शैक्षणिक योग्यता (31.12.2024 को)**

- मार्केटिंग में एमबीए (अंकों का अपेक्षित न्यूनतम प्रतिशत – 55%)

**योग्यता के बाद कार्य अनुभव (31.12.2024 को)**

- विपणन में न्यूनतम **03** वर्ष का अनुभव
- कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम – भौतिक और आभासी दोनों – के विपणन में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी.

**विशिष्ट कौशल (31.12.2024 को)**

विशिष्ट विपणन और मजबूत संप्रेषण कौशल के साथ अग्रसक्रिय

**कार्य प्रोफ़ाइल (भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और कार्यों का विस्तृत विवरण)**

➢ विपणन कार्यपालक मुख्य रूप से बीएफएसआई क्षेत्र में बाहरी संगठनों के लिए एसबीआईएल में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सम्मेलन/कार्यशालाओं आदि की विपणन गतिविधि को संचालित करेगा, जो भौतिक और ऑनलाइन दोनों तरीकों से आयोजित किए जाएंगे.

➢ विपणन कार्यपालक एसबीआईएल द्वारा डिजाइन किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एसबीआईएल द्वारा तैयार किए गए ई-पाठ/अन्य शिक्षा सामग्री के विपणन के लिए भारत के भीतर और बाहर वाणिज्यिक बैंकों (सार्वजनिक और निजी), सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, अन्य वित्तीय संस्थाओं/कॉर्पोरेट संगठनों के साथ संपर्क करेगा.

➢ विपणन कार्यपालक एकीकृत विपणन अभियानों की देखरेख और विकास करेगा, बाजार अनुसंधान करेगा और सामान्य रूप से प्रशिक्षण और विशेष रूप से कार्यपालक शिक्षा के क्षेत्र में एसबीआईएल उत्पादों के लिए लक्षित समूहों की पहचान और परिभाषित करने के लिए डेटा का विश्लेषण करेगा.

➢ विपणन कार्यपालक एसबीआईएल में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विपणन और बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए विचारों और रणनीतियों को तैयार और प्रस्तुत करेगा.

**पद के प्रमुख उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए)**

<u>पद के लिए केआरए:</u>

केआरए के अनुसार कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को परिवर्ती वेतन, जैसा लागू हो, के भुगतान के लिए किया जाएगा. केआरए की सांकेतिक सूची नीचे दी गई है; हालाँकि, बैंक आवश्यकताओं के आधार पर और विपणन कार्यपालक के साथ चर्चा के बाद अतिरिक्त केआरए आवंटित कर सकता है.

➢ आयोजित कार्यक्रमों की संख्या (भौतिक)

➢ आयोजित कार्यक्रमों की संख्या (आभासी)

➢ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए आयोजित कार्यक्रमों की संख्या

➢ एसबीआईएल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए बाह्य संगठनों के साथ निष्पादित समझौता ज्ञापनों की संख्या

➢ बाहरी कार्यक्रमों के माध्यम से बैंक के लिए राजस्व सृजन

**सीटीसी (प्रति वर्ष)**
सीटीसी रेंज
सीटीसी का विभाजन (परिवर्ती और नियत वेतन)
सी.टी.सी. के अतिरिक्त,
अन्य भत्ते, यदि कोई हों

- 25 लाख से 40 लाख रुपये तक,
- (सीटीसी को 60:40 के अनुपात में नियत वेतन और परिवर्ती वेतन में विभाजित किया जाएगा)

❖ विपणन कार्यपालक आधिकारिक कार्यों के लिए टैक्सी और इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा के साथ-साथ प्रतिनियुक्ति भत्ते सहित अन्य सुविधाओं के लिए भी पात्र होगा.

**परिवर्ती वेतन का विवरण और परिवर्ती वेतन जारी करने के लिए निबंधन व शर्तें**

विपणन कार्यपालक प्रासंगिक अवधि के कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक 90% अंक प्राप्त करने के अधीन परिवर्ती वेतन के भुगतान के लिए पात्र हो जाएगा.

विपणन कार्यपालक के कार्य-निष्पादन के आधार पर परिवर्ती वेतन संरचना निम्नानुसार होगी: –

| मूल्यांकन अंक | परिवर्ती वेतन के लिए पात्र प्रतिशत |
|---|---|
| >95% | 100% |
| 90% से 95% | 95% |
| 85% से <90% | 85% |
| 80% से <85% | 75% |
| <80% | शून्य |

मूल्यांकन प्रत्येक वर्ष 31 मार्च और 30 सितंबर को अर्ध-वार्षिक अंतराल पर संकलित किया जाएगा. नियुक्ति के पहले वर्ष में, मूल्यांकन 31 मार्च या 30 सितंबर, कार्यग्रहण की तिथि से छह महीने पूरे होने के बाद जो भी पहले हो, को किया जाएगा. परिवर्ती वेतन की गणना उस पूरी अवधि के लिए की जाएगी जिस पर मूल्यांकन किया गया है, यानी कार्यग्रहण की तिथि से लेकर मूल्यांकन की तिथि तक.

उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति अक्टूबर 2024 में संविदा कर्मचारी के रूप में रोजगार शुरू करता है, तो उसकी कार्य निष्पादन समीक्षा छह महीने पूरे होने के बाद, विशेष रूप से 31 मार्च और 30 सितंबर को, जो भी पहले हो, होगी। इस मामले में, उसके छह महीने अप्रैल 2025 में पूरे होंगे और पहली समीक्षा सितंबर 2025 में होगी.

पहले वर्ष में, यदि संविदा को बैंक या कर्मचारी द्वारा पहली समीक्षा से पहले समाप्त कर दिया जाता है (इस उदाहरण में, 30 सितंबर, 2025 से पहले), तो कोई परिवर्ती वेतन जारी नहीं किया जाएगा.

पहले मूल्यांकन के बाद, आगे का मूल्यांकन 31 मार्च और 30 सितंबर को किया जाएगा. पहली समीक्षा के पूरा होने पर, यदि किसी संविदा कर्मचारी की संविदा किसी भी कारण से समाप्त हो जाती है, तो परिवर्ती वेतन आनुपातिक आधार पर जारी किया जाएगा.

परिवर्ती वेतन का भुगतान संविदा अधिकारियों के लिए आयकर नियमों के अधीन होगा.

**यदि दूसरे वर्ष से कोई वेतन वृद्धि प्रस्तावित है**

विपणन कार्यपालक सेवा का एक वर्ष पूरा करने के बाद कार्य-निष्पादन आधारित 10% वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा दूसरे वर्ष से 10% (वार्षिक सीटीसी अर्थात नियत और परिवर्ती वेतन दोनों पर) की वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए भी पात्र होंगे.

**आवास**

विपणन कार्यपालक एसबीआईएल परिसर में आवासीय सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जो उनकी नियुक्ति के समय इसकी उपलब्धता पर निर्भर करता है. यदि विपणन कार्यपालक बैंक द्वारा प्रदान की गई आवास सुविधा का उपयोग करने का निर्णय लेता है, तो उसका सीटीसी उसी स्थान पर तैनात बैंक के अधिकारी के ग्रेड के बराबर राशि के साथ घटा दिया जाएगा. साथ ही, वह एचआरए के लिए पात्र नहीं होगा.

सीटीसी में आवास (यदि लिया गया हो), वाहन, समाचार पत्र के लिए प्रतिपूर्ति आदि सहित सभी भत्ते शामिल होंगे.

***आवास:***

- विपणन कार्यपालक को उपलब्धता के अधीन बैंक के आवास का उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है. ऐसे मामलों में, उनकी सीटीसी उसी पोस्टिंग केंद्र पर समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता से कम हो जाएगी.
- वर्तमान में, कोलकाता में समान ग्रेड अधिकारी की पात्रता 30,000/- रुपये है. तदनुसार, कुल सीटीसी लगभग 3.6 लाख रुपये प्रति वर्ष कम हो जाएगी.

**टिप्पणियाँ:** भूमिकाएँ, दायित्व, गतिविधियाँ और ऊपर उल्लिखित प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं उदाहरण स्वरूप हैं. उपर्युक्त के अलावा भूमिकाएँ, दायित्व, गतिविधियाँ और प्रमुख पारस्परिक क्रियाएं समय-समय पर बैंक द्वारा सौंपी जा सकती हैं.

## ग. चयन प्रक्रिया:

चयन शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार पर आधारित होगा.

- ❖ **शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.** शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
- ❖ **साक्षात्कार और सीटीसी वार्ता:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.
- ❖ **सीटीसी वार्ता: बाह्य संकाय, एसबीआईएल कोलकाता और विपणन कार्यपालक, एसबीआईएल कोलकाता के पद के लिए:** सीटीसी वार्ता समिति केवल साक्षात्कार के समय सीटीसी पर बातचीत करेगी.
- ❖ **सीटीसी वार्ता: डीन, एसबीआईएल कोलकाता के पद के लिए:** सीटीसी वार्ता समिति चयनित उम्मीदवारों की योग्यता के क्रम में एक–एक करके सीटीसी पर बातचीत करेगी. यदि चयनित उम्मीदवार बातचीत की गई राशि से सहमत नहीं है, तो उम्मीदवार का नाम हटा दिया जाएगा और मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को बातचीत के लिए बुलाया जाएगा.
- ❖ **मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की रैंक उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक की जाएगी.

## घ. संविदा अवधि:

प्रत्येक वर्ष कार्य–निष्पादन के आधार पर अंतरिम समीक्षा के साथ आरंभ में 3 वर्ष के लिए. बैंक के विवेकानुसार अधिकतम 1 वर्ष के लिए नवीकरण किया जा सकता है.

## ङ. अवकाश:

संविदा कर्मचारियों को एक वित्तीय वर्ष के दौरान 30 दिनों की अवकाश का अधिकार होगा जो बैंक द्वारा वास्तविक और उचित कारणों के लिए मंजूर की जाएगी. अवकाश की गणना के उद्देश्य से, बीच में आने वाले रविवार/ निर्दिष्ट बैंक अवकाश शामिल नहीं किए जाएंगे. बैंक को प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने विवेक से अवकाश के लिए आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने, और यह तय करने का पूर्ण अधिकार होगा कि अवकाश के कारण वास्तविक और उचित हैं या नहीं. वित्तीय वर्ष के दौरान अवकाश आनुपातिक आधार पर मंजूर की जा सकती है. एक वित्तीय वर्ष के दौरान उपचित छुट्टियों का लाभ अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उठाया जा सकता है. इसके अलावा, किसी भी समय संविदा अधिकारियों द्वारा 10 दिन से अधिक छुट्टियां (छुट्टियों को छोड़कर) नहीं ली जा सकती हैं. अगले वित्तीय वर्ष के दौरान नहीं ली गई छुट्टियां समाप्त हो जाएंगी. अधिकारी किसी अन्य अवकाश के लिए पात्र नहीं होंगे.

यदि संविदा की समाप्ति की तारीख स्वीकृत अवकाश के विस्तार के भीतर आती है और अधिकारी संविदा की समाप्ति की तारीख तक ड्यूटी पर वापस नहीं आ पाता है, तो उसकी संविदा मूल संविदा की समाप्ति की अवधि के अंत में समाप्त हो जाएगी.

एक वित्तीय वर्ष के दौरान उपचित अवकाश का लाभ अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उठाया जा सकता है. अगले वित्तीय वर्ष के दौरान नहीं ली गई छुट्टियाँ समाप्त हो जाएँगी. इसके अलावा, किसी भी संविदा अधिकारी के लिए नई संविदा के निष्पादन के साथ किसी भी अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा.

## च. नोटिस अवधि:

**संविदा की समाप्ति:** संविदा को बिना कोई कारण बताए किसी भी तरफ से **तीन महीने की नोटिस अवधि** देकर या उसके बदले में तीन महीने की वेतन राशि का भुगतान/सरेंडर करने पर समाप्त किया जा सकता है.

## छ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

## ज. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

| ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश: | शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश: |
|---|---|
| i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.<br>ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.<br>iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.<br>iv. **ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.**<br>v. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/कार्य-ग्रहण करते समय जरूरी प्रमाणपत्र (पत्रों) की प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है. | i. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.<br>ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.<br>iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.<br>iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें.<br>v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.<br>vi. शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.<br>vii. **भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी कारण से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.** |

## झ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ
ii. हस्ताक्षर
iii. संक्षिप्त रेस्यूमे (पीडीएफ)
iv. योग्यता के बाद कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)
v. पहचान पत्र का प्रमाण (पीडीएफ)
vi. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
vii. जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
viii. ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणन (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
ix. शैक्षिक प्रमाणपत्र और अन्य योग्यता प्रमाणपत्र: संबंधित मार्कशीट/ डिग्री प्रमाणपत्र/ अन्य व्यावसायिक योग्यता प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
x. सीटीसी वार्ता फॉर्म (पीडीएफ)
xi. फॉर्म-16/आईटीआर/ऑफर लेटर/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
xii. वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) (सरकारी संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई/सार्वजनिक क्षेत्र बैंक में काम करने पर अनिवार्य)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रेड-आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पेन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेजी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों. (फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को छोड़कर)
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट में जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग-अलग लिंक दिए गए है.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

## ञ. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, उन उम्मीदवारों को शामिल करके जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियोजन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं तुरंत समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार का नियोजन बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह का नियोजन बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू थे.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह रोजगार प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरम पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी स्थान से आने वाले उम्मीदवार, जिन्हें शॉर्टलिस्टिंग के बाद **बाह्य संकाय, एसबीआईएल कोलकाता और विपणन कार्यपालक, एसबीआईएल कोलकाता** के पद के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, उन्हें निवास स्थान या पोस्टिंग के स्थान से भारत में सबसे छोटे मार्ग के लिए हवाई टिकट (इकोनॉमी क्लास) का यात्रा किराया, 15,000/- रुपये तक (दोनों तरफ के लिए कुल) या वास्तविक खर्च (जो भी कम हो) टिकटों की प्रतियां प्रस्तुत करने के अधीन प्रतिपूर्ति की जाएगी. उम्मीदवारों को यात्रा व्यय का दावा करने के लिए बैंक खाते का विवरण प्रदान करना होगा (निरस्त चेक/पासबुक की प्रति). स्थानीय वाहन जैसे टैक्सी/कैब/निजी वाहन व्यय/किराया देय नहीं होगा. यदि उम्मीदवार को पद के लिए अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xvii. बाहरी स्थान से आने वाले उम्मीदवार, जिन्हें **डीन, एसबीआईएल कोलकाता** के पद के लिए साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, उन्हें वास्तविक हवाई किराये (इकोनॉमी क्लास) की प्रतिपूर्ति की जाएगी.

xviii. आवेदन पत्र एक बार प्रस्तुत कर दिए जाने पर उसमें किसी भी विवरण (श्रेणी सहित) में परिवर्तन/ सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा. इस संबंध में किसी पत्राचार/फोन/ईमेल पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को सावधानी से भरें और आवेदन में सही जानकारी प्रस्तुत करें.

xix. **बैंक के पास पूरी तरह से या किसी विशेष पद के लिए भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

xx. **साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने पर किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द/समाप्त कर दी जाएगी, भले ही उम्मीदवार का चयन हो गया हो, ऐसी परिस्थितियों में उसका चयन रद्द कर दिया जाएगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

**किसी पूछताछ के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें.**

**मुंबई**
**दिनांक: 02.04.2025**

**मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**
**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(आरपी एवं पीएम)**

# आवेदन कैसे करें

https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित
विज्ञापन **सं. CRPD/SCO/2025-26/02** पर क्लिक करें

**विज्ञापन डाउनलोड करें** (विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

